पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने फर्रूखाबाद में कारीगरों एवं उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया

बच्चों का स्वस्थ्य और निरोग बचपन हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 3 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद फर्रूखाबाद के फ़तेहगढ में भोलेपुर स्थित लतेर होम का भ्रमण किया। उन्होंने लतेर होम में प्रदेश सरकार की "एक जनपद एक उत्पाद" योजना के अंतर्गत प्रदर्शित जरदोजी, ब्लॉक प्रिंटिंग तथा अन्य स्थानीय उत्पादों का अवलोकन किया तथा इस कार्य में लगे कारीगरों एवं उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया तथा स्वयं सहायता समूहों को ऋण के चेक भी प्रदान किए।

राज्यपाल जी ने फतेगढ़ में फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन के किसानो, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों तथा क्षय रोग ग्रस्त बच्चों के पोषण और चिकित्सा की देखरेख हेतु गोद लेने वाले गैर सरकारी संगठनों से भी भेंट की। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि की दिशा में चलाई जा रही योजनाएं जैसे पी0एम0 किसान सम्मान निधि, एफ0पी0ओ0 आदि बेहद लाभकारी है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों का अवलोकन कर उनके उत्पादों की जानकारी ली तथा उद्योग को बढ़ने के लिए उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल जी ने क्षय रोग ग्रस्त बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का स्वस्थ्य और निरोग बचपन हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा की जो भी समर्थ लोग हैं वे बच्चों के उचित पोषण और चिकित्सा हेतु देखरेख के लिए अवश्य आगे आकर कार्य करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी तथा जनपद के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

(राजभवन 28/06)

उद्बोधन व संवाद कार्यक्रम
दिनांक:- 3 सितम्बर, 2021

एक जिला एक उत्पाद
फर्रुखाबाद